# शादी का झांसा देकर महिला ने की लाखों की धोखाधड़ी

## जिनसे शादी के नाम पर लिये पैसे, उन्हीं पर लगाया अपहरण का आरोप, पुलिस पूछताछ में खुला राज

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शादी का झांसा देकर एक लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में देहात थाना पुलिस द्वारा एक महिला को गिरफ्तार किया है, तो वहीं उसके दो अन्य साथियों की तलाश की जा रहीं है। महिला एवं उसके दो सहयोगी संगठित होकर लोगों को शादी कराने बात कहकर उनसे पैसे एठने का काम करते थे। दरअसल यह सारा मामला उस समय सामने आया जब महिला को पीड़ित परिवार शादी के लिए जबलपुर ले जा रहा था, इसी बीच महिला ने रास्ते में शोर करते हुए उसे जोर जबरजस्ती ले जाने की बात कहीं, जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस बुलाई और उसके बाद पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पूरा मामला उजागर हुआ। धोखाधड़ी का मामला उजागर करने में



थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, उप निरीक्षक सोनम यादव, अजीम अंसारी, सहायक उप निरीक्षक आमोद तिवारी, आरक्षक दिवेश बैरागी, विकास पाण्डेय, महिला आरक्षक मेघा राजा बुंदेला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### यह है पूरा मामला:

धोखाधड़ी का मामला इस प्रकार है, कि आरोपिया काजल गोस्वामी एवं उसकी मौसी का लडका देवेंद्र गोस्वामी व देवेंद्र का एक अन्य दोस्त द्वारा फरियादी के लडके की शादी काजल गोस्वामी से कराने के नाम पर 29 मार्च को फोन पे के माध्यम से 55 हजार रूपये एवं नगद 45 हजार रूपये ले लिये। जिसके चलते रविवार होने की बजह से पीड़ित परिवार द्वारा जबलपुर में ही कोर्ट मैरिज करने की बात कहीं। जिस पर परिवार काजल को लेकर जाने लगा, इसी बीच पूर्व नियोजित षडयंत्र अनुसार काजल ने ग्राम कजराई में बाथरूम जाने की कहकर गाड़ी रूकवा ली और शोर शराबा करते हुए ग्रामीणों के समक्ष जबरदस्ती पकड़कर ले जाने की बात कहीं। जिसके चलते फरियादी पक्ष डरकर मौके से भाग जाये और वह उससे लिये एक लाख रूपये हड़प कर जायें, किन्तु थाना देहात पुलिस उक्त महिला एवं फरियादी पक्ष से गंभीरतापूर्वक विस्तृत पूछताछ की गई जिससे मामले का पटाक्षेप हो सका एवं मामले की संपूर्ण परते खुलती गई।

### जबलपुर जिले का निवासी पीड़ित परिवार:

शादी के नाम एक लाख रूपये की धोखाधड़ी का शिकार हुआ परिवार जबलपुर जिले के ग्राम आधार ताल कंचनपुर का है। पीड़ित बाबूलाल विश्वकर्मा पुत्र वीरलाल विश्वकर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके चलते आरोपिया काजल गोस्वामी, देवेंद्र गोस्वामी एवं एक अन्य पर धारा 318(2),111(2)(ख) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



# शिक्षक संघ ने कहा क्रमोन्नत वेतनमान को तरस रहे शिक्षक

**जिला स्तरीय परामर्शदात्री की बैठक आयोजित**

**शिक्षक संघ ने रखीं मुख्य मांगें**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर ने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से प्राप्त कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षक क्रमोन्नत वेतनमान और एरियर के लिए तरस रहे है। क्रमोन्नति हेतु फाइलें एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय घूम रही है, लेकिन आदेश जारी नहीं हो पा रहे है। जिनके आदेश जारी हो गए उन्हें संभागीय कोषालय द्वारा फिक्सेशन नहीं होने के नाम पर एरियर का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा उन्होंने बैठकों में रखे गए विषयों पर कार्यवाही की गति बहुत धीमी है। समय पर बैठकों का पालन प्रतिवेदन नहीं मिलता और कृत कार्यवाही से संगठनों को अवगत भी नहीं कराया जाता है। इसके अलावा अशोकनगर ब्लॉक में BEO और BRC स्थाई नहीं होने से शिक्षक परेशान है। वहीं अशोकनगर BEO को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार है और समग्र शिक्षा के एपीसी को बीआरसी का प्रभार है। दोनों अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठने से जमीनी स्तर के कार्य प्रभावित हो रहे है। वहीं उन्होंने चंदेरी,ईसागढ़ में भी दो दो कार्य कर रहे है। एक प्रशासनिक कार्य देखता है तो दूसरा वित्तीय कार्य देखता है। इस दोहरी व्यवस्था को बदलने की मांग की गई। वहीं उनके द्वारा शासकीय आदेश होने के बाद भी शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में लगा दिया जाता है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। निशुल्क वितरण हेतु पुस्तकों को नियमानुसार शाला तक भेजने की व्यवस्था विभाग द्वारा होनी चाहिए। वहीं अप्रैल माह में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट,पंखे,कूलर आदि की व्यवस्था भी नहीं है। विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए माह अप्रैल में समस्त शालाओं को सुबह की पाली में संचालित किया जाए। ग्रीष्म अवकाश में जनगणना का कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए नियमानुसार अर्जित अवकाश देने,स्कूलों में बाहरी हस्तक्षेप बंद करने,शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश जारी करने,तथा परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठकें करने सहित विभिन्न शिक्षकों के वेतन निर्धारण और एरियर भुगतान आदि विषयों को शिक्षक संघ ने उठाया। जिस पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने हेतु अधिकारियों को आदेशित किया एवं चेतावनी दी कि सभी प्रकरणों को लिस्टिंग करें और निराकृत करें।सभी विभागीय फाइलें ऑफलाइन न भेजकर ई फाइल के माध्यम से भेजी जावे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिंडोस्कर, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र शेखर सिसौदिया,डीपीसी राहुल शर्मा मौजूद रहे।

## एक नजर में



### गौवर्धन महाराज को लगाया छप्पन भोग

**अशोकनगर।** नईसराय तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के पांचवे दिन भागवत कथा का वाचन करते हुए कथा व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर-सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन किया। जहां कथा के माध्यम से श्रवण कराया, तो वहीं झांकी के द्वारा भक्तों ने भगवान की माखन चोरी लीला दिखाई गई।

इस दौरान महाराज ने बताया गया कि भगवान माखन चुराने के साथ-साथ सभी भक्तों की पापों को भी चुरा लेते हैं, जिससे भगवान का भक्त निष्पाप हो जाता है। बड़े-बड़े संत तप के द्वारा जप के द्वारा यज्ञ के द्वारा उन परमात्मा को नहीं पा सके वह बृजवासियों ने उस परमात्मा को प्रेम के द्वारा सहज रूप में पा लिया। वर्षो से चली जा रही इंद्र की पूजा को भगवान श्री कृष्ण के कहने पर सभी बृजवासियों ने बंद कर दिया, जिसके कारण इंद्र ने रूद्र होकर मेघो को आज्ञा दी, जिसके फलस्वरूप जमकर वर्षा हुई, जिसके चलते भगवान ने श्री गिरिराज का रूप धारण कर वृजवासियों की रक्षा की। तो वहीं कथा में गोवर्धन महाराज 56 प्रकार की व्यंजनों को भोग लगाया गया।



### पिपरई, चंदेरी ग्रामीण मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के निमित्त सोमवार को पिपरई एवं चंदेरी ग्रामीण मंडल द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा भाजपा के गौरवशाली इतिहास के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह बुंदेला, मंडल प्रभारी पूरन सोनी, मंडल अध्यक्ष अखिलेश लोधी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### टावर से गिरकर मजदूर की मौत

**अशोकनगर।** शहर के समीपस्थ ग्राम में मोहरी टावर खड़ा करते समय एक 20 वर्षीय मजदूर गिर जाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के ग्राम गंधरपुर निवासी अरुण पुत्र शिबू कश्यप अपने साथियों के साथ बिजली कंपनी के ठेकेदार के लिए टावर खड़ा करने का काम करने आया था।

# श्रीजी की रजत विमान में निकली शोभायात्रा

## महावीर जयंती पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम,गौशाला को दी गईं दो एक्सरा मशीन





नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अहिंसा से शान्ति का सन्देश देने वाले जैन दर्शन के चौबीस वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625वा जन्म जयंती समारोह सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम के साथ जिलेभर में मनाया गया। तो वहीं मुख्य समारोह आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज के सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में मनाया गया। इस दौरान जगत कल्याण की कामना को लेकर महा शांतिधारा की गई, तो वहीं महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर दिनभर कई आयोजित किए गए।

गवान महावीर स्वामी के 2625वे जन्म जयंती पर भव्य चल समारोह सुभाष गंज से प्रारंभ हुआ, जो सुभाषगंज से प्रारंभ होकर, गांधी पार्क, पुराना बाजार, बजरिया मोहल्ला, इन्द्रा पार्क होते हुए वापस सुभाषगंज मैदान पहुंचा, जहां यह शोभायात्रा धर्मसभा में बदल गई। सोमवार को निकाली गई शोभायात्रा में सबसे आगे बैन्ड, उनके पीछे विद्यासागर पाठशाला बच्चे,फिर महिला मंडल अपने हाथ के प्रतीक चिन्ह लेकर चल रही थे। इसके अलावा शोभायात्रा में तो युवा मंडल व जिनवाणी की पालकी व इसके बाद भगवागन को रजत पालकी में सवार शहर भ्रमण कराया गया। उसके बाद मुनिश्री अविचल सागर महाराज चल रहे थे, उनके पीछे जय जय कार करते हुए जैन समाज के लोग चल रहे थे। वहीं कार्यक्रम में दो एक्सरा मशीन गौशाला को भेंट की गई।

### कलेक्टर ने कहा भगवान महावीर की वाणी में थी जगत को एकजुट करने की ताकत

सुभाषगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि आज हम देशवासी एक ऐसे महामना की जन्म जयंती मना रहे हैं जिनकी वाणी में जगत को एकजुट करने की शक्ति थी, उन्होंने विश्व को पांच सूत्र दिए सत्य, अहिंसा, स्वाद्वाद, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य। जहां दुनिया में आशान्ति फैली हुई है जगत को अनुशासित कर शान्ति का मंत्र भगवान महावीर स्वामी ने दिया। दुनिया इसको अपा कर जीवन में शांति को प्राप्त कर सकती हैं।

**भक्तामर मंडल के साथ हुई दीप अर्चना:** शाम को मुनिश्री के मुखारविंद से जिज्ञासा समाधान व भगवान महावीर के सिद्धांतों की विश्व को आवश्यकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसके बाद श्री भक्तावर मंडल आदिश्वर धाम द्वारा संगीतमय भगवान की महा आराधना की गई। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग व महिला मंडलों द्वारा भगवान का पालना, महिला संगठनों द्वारा जन्म कल्याणक गीत व पाठशाला के बच्चो द्वारा संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए।

**अपने जीवन को महान बनाए:** इस अवसर पर मुनिश्री अविचल सागर महाराज ने कहा कि आज भगवान महावीर जयंती समारोह में उनकी जयंती मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं महोत्सव महापुरुष के जीवन को उत्साह से मनाने का नाम है। हम अपने जीवन को जीये जा रहे हैं, अपने मन को कहो अपने जीवन को हमें महान बनना है। आपको अपने मानस पटल पर वार वार ये विचार लाने होंगे।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर स्वामी की जयंती

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। नगर में विराजमान मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ महावीर जयंती मनाई गई। जिसमें दिनभर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

वही रात्रि में सबसे बड़े शो बर्धमान से वर्तमान की गाथा का मंचन किया गया, सुबह मुनि संघ के सानिध्य में एक प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें नगर भ्रमण पर रजत पालकी में विराजमान कर श्रीजी की प्रभात फेरी पर निकले यह प्रभात फेरी नगर के रामलीला मंच से शुरू हुई, जो



प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां मुनि संघ के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा के साथ आचार्य श्री की संगीतमय पूजन की गई। इस अवसर पर लोगो ने अपने घरों के आगे रंगोली बनाई साथ ही श्रीजी को आरती उतारी गई। वही नगर के सभी जिनालयों में भगवान को झूला डाला गया, जिसे श्रद्धालुओं द्वारा झुलाया गया। इस मौके पर मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज ने कहा कि आज हमे अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए भगवान महावीर स्वामी ने बताया और साथ ही उनके द्वारा दिए संदेश जियो और जीने दो के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया, आज उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर हम सभी शांति और सौहार्द का जीवन जी सकते है। जब तक हम दूसरे के बारे में नहीं सोचते तब तक हम अपना भी भला नहीं कर सकते है, इसलिए सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। वहीं रात्रि में आध्यात्मिक शो का आयोजन किया गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो स्थाई वारंटी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** देहात थाना पुलिस को एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। दरअसल आरोपी कुटुम्ब न्यायालय के क्रमशः दो एवं एक वर्ष पुराने 2 स्थाई वारण्टी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा स्थायी वारंटी तामीली हेतु प्रथक - प्रथक टीमें गठित की गई। जिसमें कुटुम्ब न्यायालय अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 23/23 में जारी स्थाई वारण्टी रामप्रसाद पुत्र जोधन राजपूत निवासी विदिशा वायपास को मुखबिर की मदद से सहायक उप निरीक्षक दीवान सिंह, आरक्षक पुष्पेंद्र जाट, धर्मेंद्र राजावत, विकास पाण्डेय द्वारा




ईशागढ़ रोड़ पर दबिश देकर पकड़ा। वहीं कुटुम्ब न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 158/24 में जारी स्थयी वारण्टी सोनू पुत्र लालाराम कुशवाह निवासी ग्राम बनियाई को भी मुखबिर की मदद से ग्राम बनियाई में दविश देकर पकड़ा गया।

**संगोष्ठी**

**महावीर जयंती की पूर्व संध्या में मासिक गोष्ठी का आयोजन**

# जब तक अयोध्या में सरयू की धारा बहेगी, अयोध्या राम की थी, राम की रहेगी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश लेखक संघ इकाई अशोकनगर के तत्वाधान में भगवान महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर मासिक गोष्ठियों की श्रखंला में मार्च माह की काव्य गोष्ठी का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के हाल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता लेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष जैन सरल ने की। तो वहीं मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी साहित्य भारती के प्रदेश महामंत्री दिनेश बिरथरे उपस्थित रहे। वहीं गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कवि सुधीर गुप्ता ने किया।

गोष्ठी का शुभारंभ दूधनाथ मधुकर ने सरस्वती वन्दना के साथ किया। गोष्ठी में सुभाष सरल ने हे महावीर तुम हो सु-वीर, अरिहंत देव, अति धीर वीर, जगतारक उद्धारक प्रभु वर निर्वाण पाय




भये परमवीर पढ़कर माहौल को भक्ति मय बना दिया। इसी प्रकार लक्ष्मी नारायण सोनी ने जब तक अयोध्या में सरयू की धार बहेगी, अयोध्या राम की थी राम की है और राम की ही रहेगी से खूब तालियां बटोरी। वहीं सुधीर गुप्ता ने ओज की कविता जंजीर गुलामी की तोड़ी थी अपनी जान लुटा कर, आजादी का दीप जलाया कितने कुलदीप बूझाकर पढकर श्रोताओं में जोश का संचार कर दिया। वहीं दिनेश विरथरे ने महिदेव धेनु सुर संतों पर, असुरों का अत्याचार बढा। तब परमपिता परमेश्वर को अवतार अवध में लेना पडा विशेष सराही गई, रस परिवर्तन करते हुए व्यंग्य कवि महेश श्रीवास्तव की कविता गली-गली में नेता हो गए, चौराहे पर रये इतराय, पागल कुत्ता भले काट ले पर नेता से राम बचाय ने सबको खूब हंसाया। कवि दूधनाथ मधुकर के भगवान राम को समर्पित पैरौडी गीत भइया भरत को आप बिना कौन संभाले, सीने से लगा ले, कि और मेरा कोई नहीं ने समा बांध दिया। नवोदय कवियत्री सलोनी पाल ने पडो अगर तो संभल के पडना शायरों के चक्कर में, कलम का जादू भी कभी भी काले जादू से कम नहीं ने खूब वाही वाही बटोरी। हीश्यार सिंह राजपूत का पैरोडी गीत देख आज गऊ मां की हालत क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान ने सबका मन मोह लिया। राजेश श्रीवास्तव के गीत कौडी कौडी माया जोड़ी, जोड़ी एक बर्तन में ,यमराज जब लेने आया रह गई मन की मन में को खूब पसंद किया गया। काव्य गोष्ठी में कवियों के साथ साथ अन्य श्रोताओं ने भी गोष्ठी का आनंद लिया। इसके बाद लेखक संघ जिला इकाई के सचिव कवि सुधीर गुप्ता ने बताया कि यह काव्य गोष्ठी भगवान राम के जन्मोत्सव एवं भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित की जा रही है। अशोकनगर में प्रत्येक माह कम से कम एक गोष्ठी अवश्य आयोजित की जाती है। गोष्ठी के पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश विरथरे द्वारा गोष्ठी में सम्मिलित कवियों की कविता की समीक्षा की गई।

# वंदे मातरम् का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार विशेष चरण कार्य्रम वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामूहिक वंदे मातरम् का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रृंद्धाजलि अर्पित करते हुए वंदे मातरम् का सामूहिक गायन जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों के द्वारा संगीतमय गायन किया गया। साथ ही राष्ट्रगान जन गण मन का भी गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,अपर कलेक्टर डीएन सिंह, जनप्रतिनिधि,जिलाधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।